# रूणिचा वाले रामदेव बाबा आया है तेरे दर पे सवाली लिरिक्स

तारीफ तेरी निकलीं है दिल से,
तारीफ तेरी निकली है दिल से,
आयी है लब पे बनके कव्वाली,
रूणिचा वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली,
लब पे दुआ है आँखों में आँसू,
दिल में उम्मीदें पर झोली खाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली।bd।

तर्ज – शिरडी वाले साईं बाबा।

---

ओ मेरे रामदेवा,
तेरा सब नाम लेवा,
ओ अजमलजी के प्यारे,
भक्त तुझको पुकारे,
ओ कलयुग के अवतारी,
तेरी लीला है न्यारी,
आया मै शरन तिहारी,
भरोसा मुझको भारी,
ओ मैणादे के लाले,
तू सुनले मेरे नाले,
सागर है फैला नैया डुबने वाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली।bd।

---

जो तेरे दर पे आता,
नहीं वो खाली जाता,
बडा हो कोई छोटा,
नहीं यु मायुस लौटा,
तुझे है याद सबकी,
सुनो फरीयाद सबकी,
तू सुनले मेरे मन की,
मिटादे आस तन की,
जिसे सबने मिटाया

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

उसे तूने बनाया,
राते है काली इनको,
बना दे दिवाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली।**bd।**

---

तू कण कण में समाया,
जगत में तेरी छाया,
खुदा की शान तुझ मे,
दिखे भगवान तुझमें,
तू बिछडो को मिलाये,
तू मन के दीप जलाएं,
भक्त पे भीड़ पडे जद,
तू आए बिन बुलाए,
तू रहमत का करिशमा,
तुझसे है जोडा रिशता,
तेरी महिमा सारे जग में निराली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली।**bd।**

---

तारीफ तेरी निकलीं है दिल से,
तारीफ तेरी निकली है दिल से,
आयी है लब पे बनके कव्वाली,
रूणिचा वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली,
लब पे दुआ है आँखों में आँसू,
दिल में उम्मीदें पर झोली खाली,
रूनीचे वाले रामदेव बाबा,
आया है तेरे दर पे सवाली।**bd।**

गायक – प्रकाश माली जी।
प्रेषक – मनीष सीरवी।
(रायपुर जिला पाली राजस्थान)
**9640557818**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com